तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 12 मई 2026

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]



4 धरमजयगढ़ में एग्री प्रोसेसिंग यूनिट, लैलूंगा में जनऔषधि और मेडिसिनल यूनिट होगी स्थापित





## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.


## खबर संक्षेप

### गुपचुप खाने से 21 लोग फूड पॉयजनिंग के शिकार

**सारंगढ़।** ग्राम पंचायत रेड़ा में रविवार की शाम गुपचुप खाने से 21 ग्रामीण फूड पायजनिंग के शिकार हो गए। जअ ग्रामीणों को उल्टी होने लगी तो लोगों को डर सताने लगा। इसके बाद सरपंच को इसकी जानकारी दी गई। सरपंच नें सभी ग्रामीणों को जिला अस्पताल सारंगढ़ में इलाज के लिए भेजा। इस दौरान चार गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए रायगढ़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। जहां सभी मरीजों का इलाज चल रहा है। इस घटना की सूचना मिलने पर रात में ही ग्रामीणों का हालचाल जानने कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू अस्पताल पहुंची और ग्रामीणों के बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों को निर्देश दिए। वर्तमान में 4 मरीज को बेहतर इलाज के लिए रायगढ़ रिफर किया गया है, बाकी मरीज सामान्य है । जिन्हें एहतियात के लिए अस्पताल में ही सामान्य चेकअप और दवा दिया जा रहा है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवक घायल

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घटना के बाद घायल युवकों का इलाज अस्पताल में कराया गया। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सिसरिंगा निवासी मनसूधन माझी अपने दोस्त हीराधन राठिया के साथ 2 अप्रैल की रात पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 बी के 4670 से खम्हार मेला देखने जा रहे थे। रात करीब 10:30 से 11 बजे के बीच माड़ नदी पुल के आगे बांसजोर मेन रोड पर सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक बाइक सहित सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना में मनसूधन माझी के दाहिने पैर के टखने में चोट आई, जबकि पीछे बैठे हीराधन राठिया के दाहिने घुटने में चोट और खरोंच आई है। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ ले जाया गया। बताया गया कि प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रायगढ़ रेफर किया गया था, लेकिन वहां न जाकर घायल ने पत्थलगांव स्थित एक निजी अस्पताल में पांच दिन भर्ती रहकर इलाज कराया।

### हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में सीधे पहुंचेगी किताब

# ऑनलाइन दर्ज संख्या ही मान्य, यू डाइस में रजिस्टर्ड आंकड़ा बनेगा आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

इस बार सरकारी किताब के लिए लिखित नहीं, बल्कि ऑनलाइन दर्ज संख्या ही मान्य होगा। यू डाइस में रजिस्टर्ड संख्या को माना जाएगा आधार और इसी के हिसाब से ही यहां डीपो में किताबें भेजी जाएगी। यू डाइस में जो दर्ज संख्या है उसे यहां से सत्यापन करने कहा गया था। उसे शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाइन सत्यापन कर दिया गया है।

दूसरी ओर इस बार वितरण में कुछ व्यवस्था को बदला गया है। प्राइमरी और मिडिल स्कूल की किताबें संकुल तक ही पहुंचाई जाएगी। इसके अलावा बाकी सभी कक्षाओं की किताबें स्कूल तक पहुंचाई जाएगी। इसके लिए हर स्कूल से तीन-तीन लोगों का नंबर अपडेट किया गया है। किताब लेकर गाड़ी पहुंचेगी तो चालक तीनों नंबर में किसी से संपर्क करेगा। गाड़ी किसी भी स्कूल में बेवजह रुकेगी नहीं। यदि तीनों में एक भी नंबर नहीं लगा तो इसका जवाब शिक्षा विभाग को देना होगा। कुल मिलाकर इस बार सतर्कता के साथ पुस्तक वितरण में काफी कड़ाई की जा रही है। इस साल जिले में प्राइमरी और मिडिल मिलाकर 90 हजार के आसपास बच्चों के लिए किताबें आएगी। इसमें हर विषय की अलग अलग सेट होती हैं। इन किताबों को संकुल तक पहुंचा दी जाएगी। वहां से प्राइमरी और मिडिल के एचएम पुस्तक उठाकर ले जाएंगे। वहीं हाई स्कूल कक्षा 9 वीं और 10 वीं की दर्ज संख्या 16 हजार से अधिक है। इसी तरह कक्षा पहली से दसवीं तक आत्मानंद स्कूलों में दर्ज संख्या 10 हजार से अधिक है। इसी तरह पीएमश्री स्कूल में कक्षा पहली से दसवीं तक 1600 दर्ज संख्या है। प्राइवेट स्कूलों की दर्ज संख्या की बात करें तो कक्षा पहली से दसवीं तक 45 हजार के आसपास है। इसी आधार इस बार सरकारी किताबें भेजी जाएगी।

**प्राइमरी और मिडिल की किताबें संकुल तक ही पहुंचाएंगे**

**प्राइवेट स्कूल के संचालक सीधे डीपो से ही उठाएंगे पुस्तक**



**बीते साल हो गई थी काफी देरी**

बीते साल सरकारी किताबें स्कूलों तक काफी देरी से पहुंची थी। किसी संकुल में कोई विषय तो किसी स्कूल में कोई विषय की किताबें पहुंच गई थी। याने पूरी किताबें एक साथ किसी भी संकुल में नहीं पहुंची थी। हाई स्कूल और अन्य इंग्लिश मीडियम की किताबें भी समय पर नहीं पहुंची थी। बच्चों का उधारी की किताब से पढाई करनी पड़ी।

# दलदल में फंसने से गई हाथी शावक की जान, एक सप्ताह के भीतर दूसरी घटना

**रायगढ़/कुड़ेकेला।** धरमजयगढ वनमंडल के छाल वन परिक्षेत्र के ग्राम तरकेला के केराझरिया जंगल में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात दलदल में फंसने से एक हाथी शावक की मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलने के बाद डीएफओ, एसडीओ व हाथी मित्र दल सहित अन्य अधिकारी व चिकित्सक मौके पर पहुंच गए और शव को दलदल से निकालने का प्रयास करने लगे। सप्ताह के भीतर यह दूसरी घटना है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में इस क्षेत्र में करीब 3 दर्जन से अधिक हाथियों का दल विचरण कर रहा है, जिसमें करीब 5 से 6 शावक भी हैं। रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात ग्राम तरकेला के केराझरिया जंगल के कक्ष क्रमांक 511 आरएफ में हाथियों का दल दलदल के करीब पहुंच गया। तभी यह 5 माह का शावक दलदल में बुरी तरह से फंस गया। दलदल में फंसने से शावक की मौत हो गई । सुबह जब इस बात की जानकारी वन अमले को हुई तो डीएफओ, एसडीओ सहित अन्य वनकर्मी मौके पर पहुंचे, इस दौरान उन्हें जंगल के भीतर स्थित एक दलदल में हाथी शावक का शव मिला। शव पूरी तरह से दलदल में फंस चुका था, जिसे काफी मशक्कत करने के बाद वहां से बाहर निकाला जा सका। शव को दलदल से निकालने के बाद पंचनामा करते हुए चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम किया और शव का अंतिम संस्कार कर दिया। शावक की उम्र करीब 5 माह बताई जा रही है। विदित रहे कि छाल रेंज के ही घोघरा डेम में करीब 4 दिन पहले ही पानी में डूबकर एक हाथी शावक की मौत हो चुकी है। वर्तमान में इस क्षेत्र में करीब 35 हाथियों का दल विचरण कर रहा है।



**125 हाथियों के साथ 26 शावक कर रहे विचरण**

इस संबंध में मिली जानकरी के अनुसार धरमजयगढ़ वन मंडल में इन दिनों करीब 125 हाथी अलग-अलग वन परिक्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। इनमें 35 नर, 63 मादा और 26 शावक हैं। जानकारों की मानें तो जिन हाथियों के दल शावक होते हैं, उन दलों की मादा हाथी काफी सतर्क रहती है। इस प्रकार की घटना होने पर मादा हाथी काफी तेज आवाज में चिंघाड़ती हैं। वहीं शावकों की सुरक्षा को लेकर भी काफी चौक्कने होते हैं।

**रात में चिंघाड़ने की आवाज से गुंज उठा जंगल**

इस दलदल से कुछ किलोमीटर की दूरी पर हाथी मित्र दल की टीम रात्रि गस्त पर निकली थी। इसी बीच उन्हें कुछ हाथियों के चिंघाड़ने की आवाज सुनाई। बताया जा रहा है कि हाथी लगातार चिंघाड़ रहे थे। हाथियों की चिंघाड़ने की आवाज सुन कर उन्हें अनहोनी की शंका हुई, लेकिन रात के अंधेरे वहां जाने में खतरा था। ऐसे में वे सूर्यउदय होने के साथ ही मौके पर पहुंचे, तब उन्हें हाथियों के चिंघाड़ने की वजह समझ आई। जिसके बाद उन्होंने आलाधिकारियों को सूचित किया।

# हवा टंकी में विस्फोट, युवक की दर्दनाक मौत पीएम के लिए कचरा गाड़ी में भेजा गया शव

**चंद्रपुर।** चंद्रपुर बस स्टैंड स्थित टायर्स शॉप में सोमवार दोपहर लगभग 3 बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। भीषण गर्मी और धूप के बीच दुकान में मौजूद हवा टंकी अचानक तेज धमाके के साथ फट गई। विस्फोट इतना भयानक था कि दुकान में कार्यरत युवक जुन्नैद खान उम्र लगभग 19 वर्ष, पिता फिरोज खान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल का दृश्य बेहद हृदयविदारक था, जहां शरीर के अंग और मांस के चीथड़े दीवारों तक फैल गए थे। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार धमाका इतना तेज था कि आसपास के दुकानदार और राहगीर भी सहम गए। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। युवक की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद एक और गंभीर सवाल खड़ा हो गया, जब पोस्टमार्टम के लिए शव को डभरा ले जाने उचित वाहन उपलब्ध नहीं हो सका। आरोप है कि नगर पंचायत क्षेत्र में शव वाहन या आवश्यक व्यवस्था नहीं होने के कारण मृतक के शव को कचरा ढोने वाली गाड़ी में ले जाना पड़ा। इस दृश्य को देखकर लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। लोगों ने कहा कि मरने के बाद भी युवक को सम्मानपूर्वक श्रद्धांजलि और अंतिम व्यवस्था नहीं मिल सकी। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि चंद्रपुर में लंबे समय से पीएम हाउस की मांग शासन और प्रशासन से की जाती रही है, लेकिन अब तक कोई व्यवस्था नहीं हो सकी। यदि स्थानीय स्तर पर पीएम की सुविधा उपलब्ध होती तो शव को दूसरे स्थान ले जाने की नौबत नहीं आती। घटना के बाद क्षेत्र में प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।



**दुखद घटना**

घटना बेहद दुखद है। नगर पंचायत चंद्रपुर में उपलब्ध संसाधनों के अभाव से दैनिक आवश्यकताओं में उपयोग होने वाली गाड़ी में शव को पोस्टमार्टम के लिए तत्काल डभरा भेजा गया।

मोहन विश्वकर्मा
सीएमओ नपं

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल

**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक संदीप बंजारे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा है।



घटना के संबंध में पीड़िता नाबालिग ने 09 मई को अपने परिजनों के साथ पूंजीपथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि माह दिसंबर 2025 में स्कूल की छुट्टी होने पर वह अपने माता-पिता के पास पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के एक प्लांट की लेबर कॉलोनी में आई थी। उसी दौरान मकान के बगल में रहने वाले संदीप बंजारे से उसका परिचय हुआ। आरोपी ने प्रेम और शादी का झांसा देकर 26 फरवरी की दोपहर अपने कमरे में बुलाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद आरोपी कई बार बालिका को डरा-धमकाकर और किसी को नहीं बताने की बात कहते हुए उसका शोषण करता रहा। बालिका ने बताया कि माता-पिता के नहीं रहने पर आरोपी उसे अपने कमरे में ले जाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाता रहा।बीते 08 मई को आरोपी ने कंपनी के नए लेबर क्वार्टर में मिलने के लिए बुलाया था और शादी करने के बहाने बाहर चलने की बात कर रहा था। इसी दौरान परिजन खोजते हुए वहां पहुंचे और दोनों को देख लिया। जिसके बाद बालिका की लिखित शिकायत पर धारा 64(1) एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने आरोपी संदीप बंजारे पिता जगदीश बंजारे 22 वर्ष, निवासी तराईमाल से पूछताछ किया। सख्ती से कि गई पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।







हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं... श्वेता सिंह क्षत्रिय पार्षद वार्ड क्रमांक 25, नगर निगम रायगढ़

































छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र

# हरिभूमि

## बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



























## खबर संक्षेप

### पुलिस ने बिछड़े मासूम को परिवार से मिलाया

**रायगढ़।** कमला नेहरू पार्क के पास लगभग एक 5 वर्ष का एक बालक अपने परिजनों से बिछड़कर अकेला और परेशान अवस्था में घूमता दिखा, जिसकी सूचना मिलने पर चक्रधरनगर पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और बालक को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। बालक ने पूछताछ में अपना नाम और पता बताया। जिसके बाद पेट्रोलिंग टीम बालक को साथ लेकर मिट्ठुमुडा क्षेत्र पहुंचा और उसके परिजनों की तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान बालक का बड़ा भाई, जिसकी उम्र करीब 8 वर्ष है, मिला। दोनों भाईयों से जानकारी लेकर पुलिस टीम उन्हें सुरक्षित उनके घर पहुंची, जहां बालक को उसकी मां के सुपुर्द किया गया। अपने बच्चे को सकुशल वापस पाकर परिवारजनों ने राहत की सांस ली।

### प्रशांत को किया गया जिलाबदर

**सारंगढ़।** जिला दंडाधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा वर्ष 2015 से लगातार मारपीट, गुंडागर्दी, अवैध शराब जैसे आर्म्स और आबकारी सहित 6 विभिन्न अपराध में शामिल प्रशांत भारद्वाज उर्फ़ चिंकी, उम्र 26 पिता विरेन्द्र भारद्वाज निवासी ग्राम सिंघनपुर, थाना कोसीर को छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 क के तहत जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ एवं समीपवर्ती जिला रायगढ़, सक्ती, जांजगीर चांपा, बलौदाबाजार भाटापारा व महासमुंद की सीमाओं में 1 वर्ष की काल अवधि के लिए जिलाबदर किया गया है। साथ ही न्यायालय ने पूर्व अनुमति प्राप्ति के बिना इन सभी जिलों की सीमाओं में निष्कासित अवधि तक किसी भी दशा में प्रशांत भारद्वाज उर्फ़ चिंकी के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया है।

### लॉकर से सोने-चांदी के जेवर चोरी

**रायगढ़।** चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में एक महिला ने अलमारी के लॉकर से सोने-चांदी के जेवर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध करते हुए दर्ज करते हुए मामले को विवेचना में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार बैंक कॉलोनी निवासी सावित्री पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि उनका मकान किराये का है, इसलिए चोरी की आशंका को देखते हुए उन्होंने अपनी बेटी की शादी के लिए खरीदे गए सोने-चांदी के जेवर परिचित मनमोहन डनसेना के घर की अलमारी के लॉकर में सुरक्षित रखे थे। लॉकर की चाबी उनके पास रहती थी और वह समय-समय पर जेवर की जांच भी करती थीं। महिला के अनुसार 13 मार्च को उनकी बेटी दीप्ति पटेल ने लॉकर खोलकर जेवर चेक किए थे, तब सभी सामान सुरक्षित था। इसके बाद 1 मई की सुबह जब वह लॉकर देखने पहुंचीं तो अलमारी का पल्ला खुला मिला। लॉकर खोलकर देखने पर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर गायब थे। चोरी हुए सामान में सोने का लॉकेट, नथनी, लटकन तथा चांदी की पायल समेत करीब 48 हजार रुपए कीमत के जेवर शामिल बताए गए हैं।

### छोटे भाई की हत्या : आरोपी भाई, भाभी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सूरजपुर जिले की चेंद्रा चौकी पुलिस ने हिस्सा बंटवारा को लेकर ग्रामीण की हत्या करने के मामले में भाई-भाभी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम चन्द्रमेढ़ा निवासी कालेश्वर टोप्पो ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 17 अप्रैल को बड़े पिता धर्मदेव टोप्पो व उसकी पत्नी सुषमा ने जमीन के हिस्सा बंटवारा को लेकर हुए विवाद में महेंद्र टोप्पो के सिर पर ईंट से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घटना के मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया था। 19 अप्रैल को घायल 50 वर्षीय महेंद्र टोप्पो को हास्पिटल में भर्ती कराया गया लेकिन हालत में सुधार नहीं होने पर 7 मई को परिजन ग्रामीण को लेकर वापस घर लौट गए। इसी बीच 8 मई को घायल महेंद्र टोप्पो की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चंद्रमेढ़ा निवासी 60 वर्षीय धर्मदेव टोप्पो आ. काशीराम टोप्पो व 43 वर्षीया सुषमा स्वराज टोप्पो पति धर्मदेव टोप्पो को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

---

#### दम घुटने जैसी हालत में मिले गौवंश

# झारखंड ले जाते मवेशियों से भरा ट्रक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में गौ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन शंखनाद" के तहत जशपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लोदाम थाना पुलिस ने सोमवार तड़के कार्रवाई करते हुए तस्करों के चंगुल से 27 गौवंशों को मुक्त कराया। पुलिस की घेराबंदी और पीछा करते देख तस्कर ट्रक छोड़कर अंधेरे और जंगल का फायदा उठाते हुए फरार हो गए।

■ पुलिस ने सुरक्षित निकालकर कराया स्वास्थ्य परीक्षण

पुलिस ने मवेशियों से भरे ट्रक को जब्त कर लिया है और फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार मामला लोदाम थाना क्षेत्र के ग्राम भलमंडा का है। सोमवार सुबह करीब 4 बजे लोदाम पुलिस की पेट्रोलिंग टीम रूपसेरा के पास नेशनल हाईवे पर नियमित गश्त कर रही थी। इसी दौरान जशपुर की ओर से आ रहे एक संदिग्ध ट्रक क्रमांक जेएच-01 एआर-7060 पर पुलिस की नजर पड़ी। ट्रक की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर पुलिस टीम ने वाहन रोकने का संकेत दिया, लेकिन चालक ने ट्रक की रफ्तार बढ़ा दी और भागने का प्रयास करने लगा।इसके बाद पुलिस ने तत्काल ट्रक का पीछा शुरू किया। हाईवे पर कई किलोमीटर तक पीछा चलता रहा।





### तस्करों में हड़कंप

पुलिस की घेराबंदी और तत्परता देख तस्करों ने भलमंडा चौक के पास आखिरकार ट्रक छोड़कर जंगल की ओर भाग निकले। अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर आरोपी मौके से फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया।

### आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा: सिंह

डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उम्मेद सिंह ने कहा कि जिले में गौ तस्करी के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोदाम क्षेत्र में ट्रक से 27 गौवंशों को सुरक्षित छुड़ाया गया है और फरार आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि "ऑपरेशन शंखनाद" के तहत गौ तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### ट्राली के भीतर का दृश्य बेहद दर्दनाक

जब पुलिसकर्मियों ने ट्रक की ट्रॉली खोली तो भीतर का दृश्य बेहद दर्दनाक था। ट्रॉली में 27 गौवंशों को बेरहमी से ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। कई - दम घुटने और कमजोरी की हालत में मिले। पुलिस टीम ने तत्काल सभी गौवंशों को बाहर निकाला और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। मौके पर पशु चिकित्सक को बुलाकर सभी मवेशियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।

### झारखंड ले जाया जा रहा था

प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि गौवंशों को अवैध रूप से झारखंड ले जाया जा रहा था। पुलिस ने मामले में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 और 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1961 की धारा 11(1)(क)(घ) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। तस्करी में इस्तेमाल ट्रक को भी जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

### फरार तस्करों की तलाश

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक फरार तस्करों की पहचान के लिए ट्रक नंबर और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच तेज कर दी गई है। सीमावर्ती क्षेत्रों में भी सूचना भेजी गई है ताकि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

---



# मधेश्वर पहाड़ शिवलिंग की विधि विधान से की गई पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कुनकुरी विकास खंड के मयाली में विश्व के सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग मधेश्वर पहाड़ की भी जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। मयाली डेम से खण्डसा से वर्चुअल के माध्यम से सभी आनलाइन के माध्यम से सीधे जुड़े थे।



■ मयाली डेम खण्डसा से वर्चुअल के माध्यम से सीधे जुड़े थे ग्रामवासी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशवासियों को "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 75 वर्ष पूर्व आज ही के दिन सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण का कार्य पूर्ण हुआ था और इसी ऐतिहासिक अवसर को देशभर में स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर पर अनेक बार बाहरी आक्रांताओं द्वारा हमले किए गए, लेकिन मंदिर की आस्था और परंपरा को समाप्त नहीं किया जा सका। श्री साय ने कहा कि पहली बार आक्रमण के दौरान मंदिर के पुजारियों और श्रद्धालुओं ने मंदिर नहीं छोड़ा तथा अपने प्राणों का बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका त्याग आज भी इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। श्री साय ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के बाद तत्कालीन गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया था। इस मौके पर मयाली डेम से एसडीएम कुनकुरी नन्द पांडे, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा जनपद पंचायत सीईओ प्रमोद सिंह,भरत सिंह, जनप्रतिनिधि और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

# उप निर्वाचन: जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, नवा रायपुर द्वारा नगर पालिका त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 का कार्यक्रम जारी किए जाने के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है।

■ विश्राम भवनों के उपयोग पर प्रतिबंध

निर्वाचन घोषणा से निर्वाचन समाप्ति तक राजनीतिक दल के व्यक्ति, मंत्रीगण, सार्वजनिक उपक्रमों के पदाधिकारी आदि शासकीय व अर्द्धशासकीय विश्राम भवन, सर्किट हाउस, गेस्ट हाउस, छत्तीसगढ़ भवन आदि में चुनाव प्रचार या राजनीतिक उद्देश्य से न ठहर सकते हैं और न ही राजनीतिक गतिविधि कर सकते हैं। पात्रतानुसार व उपलब्धता पर कक्ष दिया जा सकता है, लेकिन निर्धारित राशि जमा कर रसीद दी जाएगी। टेलीफोन के लिए अलग रजिस्टर रखा जाएगा और कॉल की राशि तुरंत ली जाएगी। भोजन की व्यवस्था नहींकी जाएगी। राजनीतिक बैठक या विचार-विमर्श की अनुमति नहीं होगी। एक रजिस्टर में आगंतुक का नाम, पता, ठहरने का प्रयोजन, ली गई राशि आदि का ब्यौरा दर्ज होगा। एक व्यक्ति को अधिकतम 47 घंटे के लिए ही कक्ष आरक्षित किया जाएगा। कक्ष आरक्षण पर 3 से अधिक वाहन लाने की अनुमति नहीं होगी। जिन भवनों में निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक ठहरे हैं, वहां किसी अन्य राजनीतिक व्यक्ति को कक्ष नहीं दिया जाएगा।

### आरक्षण का अधिकार व प्राथमिकता

जिला मुख्यालय में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, अनुविभागीय मुख्यालय में एसडीएम, अन्य स्थानों पर तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी आरक्षण करेंगे। प्राथमिकता क्रम में निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी व उनके अधिकारी, निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी शामिल हैं। उनके लिए कक्ष सदैव आरक्षित रहेगा। इसके बाद ही अन्य को कक्ष आवंटित किया जाएगा। यह प्रतिबंध निर्वाचन प्रक्रिया समाप्ति तक संपूर्ण जशपुर जिले में लागू रहेगा।

### ग्राम पंचायतों में भी लागू

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, नवा रायपुर द्वारा नगरपालिका क्षेत्र जशपुर के वार्ड क्रमांक 08, 14 एवं जनपद पंचायत क्षेत्र की 22 ग्राम पंचायतों में उप निर्वाचन 2026 कराए जाने की घोषणा कर दी गई है। निर्वाचन वाले क्षेत्रों में वार्ड: 8, 14 और ग्राम पंचायत चौलीटांगरटोली, सांईटांगरटोली, बालाछापर, पिल्खी, पोड़ी, गजमा, पटिया, अंधरझर, सिरिमकेला, कस्तुरा, कण्डोरा, गड़ाकटा, डोंगादरहा, पुसरा, कोडलिया, सन्ना, जुजगू, भितघरा, बगडोल, जुरगुम, हर्राडीपा, चम्पा, छातासरई निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं।

---

# ट्रांसजेंडर का पहचान प्रमाण पत्र बनाने चलेगा विशेष अभियान

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग के निर्देशानुसार जशपुर जिले में उभयलिंगी (ट्रांसजेंडर) वर्ग के व्यक्तियों के चिन्हांकन एवं पहचान प्रमाण पत्र जारी करने के लिए विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर श्री रोहित व्यास द्वारा इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

■ कलेक्टर के निर्देश पर जनपद पंचायत और नगरीय निकाय स्तर पर होगा चिन्हांकन

जारी निर्देशानुसार जिले में ऐसे व्यक्तियों की पहचान की जाएगी, जो स्वयं को उभयलिंगी अथवा ट्रांसजेंडर के रूप में मानते हैं। यह चिन्हांकन जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर पर किया जाएगा, ताकि पात्र व्यक्तियों तक शासन की सुविधाओं और योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। चिन्हित ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सप्ताह के किसी भी मंगलवार को शासकीय जिला चिकित्सालय, जशपुर में उपस्थित कराया जाएगा। यहां उनका आवश्यक रक्त परीक्षण एवं मनोवैज्ञानिक जांच की जाएगी। जिला चिकित्सालय स्तर पर परीक्षण में संबंधित व्यक्ति के उभयलिंगी होने की पुष्टि होने पर उनका ऑनलाइन पहचान प्रमाण पत्र एवं प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। शासन द्वारा जारी पहचान प्रमाण पत्र के माध्यम से ट्रांसजेंडर वर्ग के व्यक्तियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इससे उन्हें सामाजिक पहचान मिलने के साथ-साथ शासन की सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी।

---

## आज खेला जाएगा अंतर्राज्यीय फ्लड लाइट टेनिस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला



**जशपुरनगर।** रणजीता स्टेडियम में विगत 25 अप्रैल से चल रहे स्वर्गीय शत्रुंजय प्रताप सिंह गुरुदेव स्मृति अंतर्राज्यीय फ्लड लाइट टेनिस टूर्नामेंट का फाइनल मैच सोमवार 11 में को खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता के पूल ए की विजेता टीम अंबिकापुर ने सेमीफाइनल में रांची की प्रतिष्ठित टीम बिग ब्रदर को हराकर पूल ए की ओर से फाइनल में पहले ही प्रवेश कर चुकी है। दूसरे पूल के सेमीफाइनल और क्वार्टर फाइनल समेत चार मुकाबले रविवार रात को खेले जाएंगे, जिसमें पहला मैच कोलकाता और बैजू रंगीला टीमों के बीच खेला जाएगा। इस मैच की विजेता टीम पहले क्वार्टर फाइनल मैच एनके 11 धीरज के साथ खेलेगी। पूल बी का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच भुवनेश्वर ओडिशा और अतुल ट्रेडर्स के बीच खेला जाएगा। रविवार रात को ही पूल बी का चौथा और सेमीफाइनल मैच खेला जाएगा, जिसकी तस्वीर अभी साफ नही हुई है। रविवार रात की अपराजेय रहने वाली टीम सोमवार को होने वाले फाइनल मैच में अंबिकापुर की टीम से भिड़ेगी।

---

## शहरी क्षेत्र में घर बंद होने और सोसायटियों में सुरक्षा व्यवस्था जैसी व्यवहारिक समस्याओं से जूझ रहे प्रगणक

**रायगढ़।** शहरी क्षेत्र में मकानों के सूचीकरण और मकानों की गणना करने निकले प्रगणकों को कई तरह की व्यवहारिक दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। यहां हर दूसरे से तीसरे घर का दरवाजा बंद होने और अपार्टमैंट सहित कॉलोनियों में सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे गार्ड प्रगणकों को भीतर जाने से रोकने और अनुमति लेने में अधिक समय लगने की समस्या सामने आ रही हैं। जिसकी वजह से जानकारी एकत्र करने में परेशानी हो रही है।

मुख्य बात यह है कि शहरी क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग नौकरी या स्व रोजगार के लिए दिनभर घर से बाहर ही रहते हैं, जिसकी वजह से इस समय अधिकांश घरों के दरवाजे बंद ही रहते हैं। ऐसी स्थिति में सर्वे टीम को बार-बार चक्कर लगाना पड़ रहा है। इसके अलावा, कई अपार्टमेंट और सोसायटियों में सुरक्षाकर्मियों से सर्वेक्षण टीम को अंदर जाने के लिए अनुमति लेने में समय लग रहा, जिससे काम की गति भी प्रभावित हो रही है। कई अपार्टमैंट और सोसायटियों में वहां के अध्यक्ष या सचिव से लिखित अनुमति लेकर आने तक की बात कही जा रही है। इसके आलवा मुख्य तौर पर शहर के भीतर स्थित अनियोजित कॉलोनियां और घर हैं, जिनका कोई कोई स्पष्ट क्रम नहीं है। शहरी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में घरों में ताले लगे मिलने से भी टीम को दिक्कत हो रही है। कामकाजी लोगों के बाहर रहने के कारण प्रगणकों को उन्हीं घरों में दोबारा जाना पड़ रहा है, जिससे समय और संसाधन दोनों की खपत बढ़ रही है। वहीं दूसरी ओर संकरी गलियों और अव्यस्थित बस्तियों के कारण प्रगणकों को सही घर ढूंढने और उसकी लोकेशन दर्ज करने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। बता दें कि शहर में ही कई ऐसी कॉलोनियां और अपार्टमेंट हैं, जहां लोग अपने पड़ोसियों तक का नाम और अन्य जानकारी नहीं जानते, ऐसी स्थिति में उन मकान या अपार्टमैंट में रहने वालों की सही जानकारी नहीं एकत्र करना भी चुनौतीपूर्ण है। इन सब के इतर ग्रामीण क्षेत्रों में हर व्यक्ति एक दूसरे को और उनके परिवार सहित सदस्यों की जानकारी रखता है। ग्रामीण क्षेत्रों में एक दूसरे से मेल जोल शहरी क्षेत्रों के अपेक्षा बेहतर होने की वजह से स्थानीय स्तर पर जानकारी एकत्र करने में अपेक्षाकृत परेशानी कम हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी क्षेत्रों की तुलना में स्थानीय सामाजिक जुड़ाव बेहतर होने की वजह से प्रगणकों को घर ढूंढने, परिवार की जानकारी लेने और सत्यापन करने में ज्यादा समय नहीं लगता।

### दिख रही जागरूकता की कमी

लोगों को सरकार द्वारा मोबाइल के माध्यम से स्व-गणना करने का विकल्प उपलब्ध कराया है, लेकिन इसके बारे में ज्यादातर लोगों को जानकारी नहीं है। इसकी पूरी प्रक्रिया से लोग अब भी अनजान हैं।

---

## हर माह के चौथे गुरुवार को पत्थलगांव में लगेगा कलेक्टर लिंक कोर्ट

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास की अभिनव पहल से अब पत्थलगांव क्षेत्र के लोगों को राजस्व मामलों के निराकरण के लिए दूर-दराज के कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। जिला प्रशासन ने आमजन को स्थानीय स्तर पर त्वरित न्याय और प्रशासनिक सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पत्थलगांव में प्रत्येक माह के चौथे गुरुवार को "कलेक्टर लिंक कोर्ट"आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही जनदर्शन कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें क्षेत्रवासी सीधे कलेक्टर को अपनी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इस नई व्यवस्था के तहत पहला जनदर्शन एवं लिंक कोर्ट 28 मई 2026 को आयोजित होगा। कलेक्टर रोहित व्यास ने आज राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में लिंक कोर्ट की आवश्यक तैयारी एवं व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर लिंक कोर्ट की शुरुआत से पत्थलगांव क्षेत्र के नागरिकों को नामांतरण, सीमांकन, अपील, भू-अर्जन, त्रुटि सुधार, डायवर्सन एवं अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए अब जशपुर जिला मुख्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

■ कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

स्थानीय स्तर पर ही सुनवाई होने से लोगों के समय, धन और श्रम की बचत होगी तथा वर्षों से लंबित मामलों के निराकरण में तेजी आएगी। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा है कि आम नागरिकों को छोटी-छोटी प्रशासनिक एवं राजस्व समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसी उद्देश्य से दूरस्थ क्षेत्र पत्थलगांव में लिंक कोर्ट एवं जनदर्शन की व्यवस्था प्रारंभ की जा रही है। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू, जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारी मौजूद रहे।

---

#### जिम्मेदारी के साथ स्वच्छ भारत मिशन का करें प्रभावी क्रियान्वयन

# स्वच्छता से बनती है शहर और ग्रामों की अच्छी छवि

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टरेट सभाकक्ष में ग्राम पंचायतों में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य विभाग, मत्स्य पालन विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार भी उपस्थित रहे।



खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने राशन कार्डधारियों के ई-केवाईसी कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राशन कार्डों से मृत व्यक्तियों के नाम हटाने के निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ केवल पात्र हितग्राहियों तक ही पहुंचना चाहिए। साथ ही उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के शेष पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत शीघ्र गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने तथा इस योजना के लाभार्थियों का ई-केवाईसी कार्य भी समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राशन दुकानों में समय पर वितरण सुनिश्चित करने और नियमित स्टॉक वेरिफिकेशन करने को कहा। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने शेष आंगनबाड़ी भवनों एवं उनमें शौचालय निर्माण कार्य जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत लंबित ई-केवाईसी कार्य को शीघ्र पूरा करने, रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पदों की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने तथा शेष आंगनबाड़ी भवनों में विद्युतीकरण कार्य जल्द कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित सभी बच्चों की आपार आईडी अनिवार्य रूप से बनाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इससे बच्चों का डिजिटल शैक्षणिक रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा और भविष्य में विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने पेंशन हितग्राहियों के आधार सीडिंग कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। मत्स्य विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने शेष शासकीय तालाबों का नियमानुसार पट्टा वितरण करने, एनएफडीबी अंतर्गत मत्स्य पालक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित कराने तथा उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, पीएम जनमन आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत सभी आवासों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में संचालित सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ताहीन निर्माण पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

---

## डीएड अभ्यर्थी की हालत गंभीर

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ में डीएड अभ्यर्थियों की लंबित नियुक्ति को लेकर चल रहा संघर्ष अब एक बेहद भावुक और चिंताजनक मोड़ पर पहुंच गया है। जशपुर जिले की रहने वाली डीएड अभ्यर्थी काजल तिर्की की हालत गंभीर बताई जा रही है।



लगातार मानसिक तनाव, नियुक्ति में देरी और भविष्य की अनिश्चितता से परेशान होकर उन्होंने कथित रूप से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वर्तमान में उनका उपचार जारी है। मिली जानकारी के अनुसार काजल तिर्की पिछले तीन वर्षों से नियुक्ति की मांग को लेकर संघर्ष कर रही थीं। वे जशपुर जिले की निवासी हैं, अभ्यर्थियों का आरोप है कि लगातार आश्वासन मिलने के बावजूद नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं होने से हजारों युवाओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है। डीएड अभ्यर्थियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि काजल तिर्की के बेहतर इलाज की समुचित व्यवस्था की जाए और लंबित नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में किसी भी अभ्यर्थी को ऐसी परिस्थितियों का सामना न करना पड़े, इसके लिए सरकार को संवेदनशील और त्वरित निर्णय लेने होंगे। अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जा सकता है। उनका कहना है कि युवाओं के सपनों और भविष्य के साथ लगातार हो रही देरी अब असहनीय होती जा रही है।



संकलनकर्ता
अंबिका सोनवानी
संवाददाता, घरघोड़ा
































## खबर संक्षेप



### नव पदस्थ कलेक्टर से दिव्यांग बच्चों ने की मुलाकात

**कोसीर।** सारंगढ़ नगर के प्रांजल विशेष स्कूल के संस्था प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती हिरा देवी निराला एवं स्कूल के दिव्यांगजन बच्चों ने सारंगढ़ कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे एवं नव पदस्थ कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू से सौजन्य मुलाकात कर बधाई दी। वहीं सारंगढ़ पूर्व कलेक्टर कन्नौजे को उनके संस्था की ओर से उनके कार्यकाल में संस्था के हित में किए गए कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किए। प्रांजल विशेष स्कूल पिछले 16-17 वर्षों से नगर में संचालित है यह संस्था दिव्यांग बच्चों का आवासीय स्कूल है जहां वर्तमान में 40 बच्चे रहकर अपने जीवन के। गुरु सिख रहे हैं वही समाज के। मुख्य धारा से उन्हें जोड़ने के लिए पढ़ा लिखाया जाता है। वे अपने परिवार से दूर आवासीय स्कूल में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। सरकार की योजनाओं के अंतर्गत संस्था को अनुदान दी जाती है जिससे यह संस्था चलती है।

### एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस के बढ़ती समस्या को लेकर दी गई जानकारी

**जांजगीर-चांपा।** सही दवा - शुद्ध आहार – यही छत्तीसगढ़ का आधार जनजागरूकता अभियान के 13 वें दिन 9 मई को खाद्य एवं औषधि प्रशास जिला सक्ती के द्वारा स्वापक एवं मनःप्रभावी औषधियों (नारकोटिक दवाओं) तथा एंटीबायोटिक दवाओं के दुरुपयोग के संबंध में ग्राम पंचायत जर्वे एवं जाजंग के नागरिकों के मध्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को बिना चिकित्सकीय परामर्श के दवाओं के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों, एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस की बढ़ती समस्या तथा नारकोटिक दवाओं के दुरुपयोग से होने वाले सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों की जानकारी दी गयीटीम में खाद्य एवं औषधि प्रशासन से औषधि निरीक्षक दुर्गेश कैवर्त प्रतिमा राजपूत एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी शांतनु भट्टाचार्य उपस्थित रहे उनके द्वारा ग्रामीणों को नशा एवं दवा दुरुपयोग से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देने के साथ शपथ दिलाई गयी।

### बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 30 को

**चांपा।** कोसा, कांसा व कंचन की नगरी चांपा में शनिवार 30 मई को गांधी भवन मैदान में जिला बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में जांजगीर चांपा जिले के लगभग 100 से 120 बॉडी बिल्डर भाग लेंगे। इस चैंपियनशिप को चार अलग अलग ग्रुप में कराया जा रहा है। पहला ग्रुप सीनियर, दूसरा ग्रुप मास्टर, जिसमें 40 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बॉडी बिल्डर शामिल होंगे। तीसरा ग्रुप विकलांग बॉडी बिल्डर का होगा और चौथा मेंस फिजिक्स (मॉडलिंग) का होगा। इस कार्यक्रम के सफलता पूर्वक आयोजन के लिये सहयोग के रूप में डी बी वेंचर्स के संचालक धीरेन्द्र बाजपेई का सहयोग मिला। आयोजन समिति के मोहम्मद सलीम बख्शी, गुलाम मुस्तफा नूरी, सुनील यादव एवं किशन शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## निधन

### नानकुन पटेल

**कुड़ेकेला।** सहकारी समिति कुड़ेकेला के किसान नानकुन पटेल



ग्राम बेहरामार का निधन 3 मई को 78 वर्ष की आयु में हो गया। अंतिम संस्कार में स्वजातीय बंधु, रिश्ते नाते, परिजन और क्षेत्र के किसान अधिक संख्या में उपस्थित हुए।

## शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अधोसंरचना को प्राथमिकता, वनांचल क्षेत्रों के लिए विशेष कार्ययोजना पर जोर

# धरमजयगढ़ में एग्री प्रोसेसिंग यूनिट, लैलूंगा में जनऔषधि और मेडिसिनल यूनिट होगी स्थापित





## डीएमएफ शासी परिषद की बैठक में 104 करोड़ से अधिक के 392 विकास कार्यों को

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता तथा सांसद, राज्यसभा सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ शासी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए खनिज प्रभावित क्षेत्रों के विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा करते हुए 104 करोड़ 7 लाख रुपए से अधिक की लागत के 392 विकास कार्यों का अनुमोदन किया गया। बैठक में पिछले 30 अक्टूबर को आयोजित शासी परिषद की बैठक में स्वीकृत 150 करोड़ रुपए के कार्यों की विभागवार समीक्षा भी की गई तथा कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया एवं लैलूंगा विधायक श्रीमती विद्यावती सिदार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविन्द्र गबेल द्वारा अपने.अपने क्षेत्र विशेषकर वनांचल क्षेत्रों में जर्जर स्कूल भवनों, आश्रम छात्रावासों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य संस्थानों की वास्तविक स्थितियों पर भी चर्चा करते हुए जनप्रतिनिधियों द्वारा नवीन भवन निर्माण तथा मरम्मत योग्य भवनों के सुधार कार्यों को वार्षिक कार्ययोजना में शामिल करने का सुझाव दिया गया, जिसे चर्चा उपरांत अनुमोदन सूची में शामिल किया गया। साथ ही जनप्रतिनिधियों के महत्वपूर्ण सुझाव को कार्यवाही विवरण में लेने के लिए निर्देशित भी किया गया। बैठक में राज्य शासन की गाइडलाइन के अनुरूप प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष उत्खनन प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, कौशल विकास, स्वच्छता, कृषि, महिला एवं बाल विकास, मानव संसाधन, ऊर्जा तथा भौतिक अधोसंरचना से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया। प्रत्यक्ष उत्खनन प्रभावित क्षेत्रों में लैलूंगा, धरमजयगढ़, घरघोड़ा, तमनार एवं छाल क्षेत्र शामिल हैंए जहां बुनियादी सुविधाओं के विस्तार हेतु अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कुछ भवनों की तकनीकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने डीएमएफ से संचालित निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि खनिज प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों का लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने एजेंडा अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कार्यों की सेक्टरवार समीक्षा भी की। बैठक में परियोजना प्रबंधन इकाईए गौण खनिज से प्राप्त डीएमएफ राशि, अक्षय निधि, आगामी पांच वर्षों में संभावित प्राप्त राशि के आधार पर पंचवर्षीय परिप्रेक्ष्य योजना तथा वार्षिक कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में गौण खनिजों से डीएमएफ मद में 98 लाख 15 हजार 680 रुपए प्राप्त हुए हैं। इस राशि को गौण खनिज प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी एवं मूलभूत विकास कार्यों में उपयोग करने पर सहमति बनी। बैठक में रायगढ़ जिले अंतर्गत स्वीकृत गौण खनिज खदानों की तहसीलवार जानकारी भी प्रस्तुत की गई। इसमें रेत, क्वार्टजाइट, निम्न श्रेणी चूना पत्थर, डोलोमाइट, साधारण पत्थर, पोर्सेलीनाइट, फायरक्ले तथा कापू मिट्टी जैसी खदानों का उल्लेख किया गया। जिले में कुल 45 गौण खनिज खदानों की जानकारी बैठक में साझा की गई।

### फूड प्रोसेसिंग मंत्रालय से मिली परियोजनाओं की स्वीकृति

बैठक में यह भी बताया गया कि भारत सरकार के फूड प्रोसेसिंग मंत्रालय से रायगढ़ जिले के खनिज प्रभावित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है। इसके तहत धरमजयगढ़ में एग्री प्रोसेसिंग यूनिट, लैलूंगा में जन औषधि एवं मेडिसिनल यूनिट तथा घरघोड़ा क्षेत्र में एक अन्य यूनिट स्थापित की जाएगी। इन परियोजनाओं में 40 प्रतिशत राशि भारत सरकार एवं 60 प्रतिशत राशि डीएमएफ मद से व्यय की जाएगी। बैठक में जानकारी दी गई कि वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2025-26 तक न्यास निधि में कुल 643.79 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। इनमें से 538.22 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है। शेष बचत राशि 129.03 करोड़ रुपए है। वहीं आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में लगभग 125 करोड़ रुपए प्राप्त होने की संभावना व्यक्त की गई, जिसके आधार पर कुल 254.03 करोड़ रुपए की कार्ययोजना का अनुमोदन भी किया गया। बैठक में हाथी विचरण प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन सुगम बनाने के लिए सड़कों के निर्माण एवं उन्नयन को भी प्राथमिकता देने की बात कही गई। लैलूंगा, धरमजयगढ़, घरघोड़ा, तमनार एवं छाल क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को केंद्र में रखते हुए स्कूलोंए आंगनबाड़ी केंद्रोंए आश्रम.छात्रावासों तथा स्वास्थ्य केंद्रों के नवीन निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता सूची में शामिल किया गया।

## जनाराम अध्यक्ष, दीपक महासचिव और राम सिंह बने कोषाध्यक्ष

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ झेरिया धोबी बरेठ समाज सेवा समिति संभाग बिलासपुर का 11वां संभागीय महाधिवेशन सामाजिक एकताए उत्साह और लोकतांत्रिक भागीदारी के साथ संपन्न हुआ। महाधिवेशन के दौरान आयोजित संभागीय चुनाव में समाज ने नई कार्यकारिणी को भारी समर्थन देते हुए भविष्य की जिम्मेदारी सौंपी। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समाजजनों में खुशी की लहर दौड़ गई और विजयी प्रत्याशियों का फूल मालाओं एवं आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। चुनाव में जनाराम कर्ष संभागीय अध्यक्ष दीपक बरेठ महासचिव तथा राम सिंह कर्ष कोषाध्यक्ष पद पर ऐतिहासिक मतों से विजयी घोषित किए गए। समाज के वरिष्ठजनों ने इसे संगठन की मजबूती और नई सोच की जीत बताया। नवनिर्वाचित टीम के साथ उप संभाग स्तर पर भी कई पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। उपाध्यक्ष पद पर पीयूष निर्मलकर नारायण कर्ष, छबी लाल बरेठ, लाखा राम कर्ष एवं गिरधारी लाल बरेठ को जिम्मेदारी दी गई। वहीं संयुक्त सचिव पद पर धर्मेंद्र बरेठ, बोध राम कर्ष, केशव प्रसाद बरेठ, नरेश कुमार कर्ष एवं प्रेम कुमार बरेठ नियुक्त किए गए। महाधिवेशन में समाज के उत्थान के लिए महिला सशक्तिकरण को सबसे महत्वपूर्ण आधार माना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने, स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने तथा समाज की बेटियों को शिक्षा और नेतृत्व के क्षेत्र में आगे लाने का संकल्प लिया।

## थम गई नहर की धार, आने वाले दिनों में बढ़ेगी पानी की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जीवनदायिनी हसदेव बांगो नहर की धार बंद हो गई है। नहर से जहां खेतों की सिंचाई होती है, वहीं गर्मी के दिनों में निस्तारी के भी काम आती है। नहर जांजगीर शहर के बीच से होकर गुजरी है। नगर पालिका नल के माध्यम से पानी सप्लाई करने में नाकाम है। सालों से हसदेव जल आवर्धन योजना का काम अधूरा पड़ा है। ऐसे में नगरवासियों को पानी के लिए निजी बोर और हैंडपंप का सहारा होता है। नहर में पानी चलने के कारण वाटर लेवल मेंटेन था। अब नहर बंद होने के साथ ही नगरवासियो को पानी की चिंता सताने लगी है।

जांजगीर- चाम्पा जिले के लिए हसदेव बांगो परियोजना की नहर जीवनदायिनी है। ग्रीष्मकालीन फसल के लिए जनवरी माह में नहर में पानी छोड़ा गया था। नहर जिला मुख्यालय जांजगीर से होकर गुजरी है। नहर में पानी चलने के कारण शहर का वाटर लेवल भी मेंटेन रहता है। अब 9 मई को नहर बंद कर दिया गया है। नहर बंद होने के साथ ही अब जल स्तर भी लगातार गिरता जाएगा। जिससे बोर और हैण्डपम्प में पानी की धार कम होने लगेगी। अभी जेठ का माह चल रहा है। जून में मानसून की दस्तक होती है। ऐसे में माहभर तक गर्मी रहेगी। नहर बंद होने के साथ ही शहरवासियों की चिंता बढ़ गई है। वजह यह है कि शहर में पाइप लाइन से पानी सप्लाई की व्यवस्था अभी तक नहीं हो सकी है। जांजगीर शहर 25 वार्ड में बंटा है, और आबादी 50 हजार पार कर गई है। जिला बनने के दो दशक बाद भी जांजगीर शहर में नल से पानी सप्लाई की व्यवस्था नहीं हो सकी है।



### आपदा में त्याग और अनुशासन की परंपरा है भारत की ताकतः अरुण धर

**रायगढ़।** भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने कहा कि आपदा के समय देशहित में त्याग और अनुशासन की अपील करना भारत के प्रधानमंत्रियों की गौरवशाली परंपरा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विदेशी मुद्रा बचाने के लिए पेट्रोल डीजल की बचत, अनावश्यक विदेश यात्रा और सोना खरीद टालने की अपील इसी परंपरा का हिस्सा है। जिला भाजपा अध्यक्ष दीवान ने कहा मोदी जी ने जो कहा है वो नाकामी नहीं, मेच्योर लीडरशिप है। 1965 में लाल बहादुर शास्त्री ने अन्न संकट में सप्ताह में एक दिन उपवास की अपील की थी। 1971 में इंदिरा गांधी ने शरणार्थी संकट में राशन बचाने को कहा। 1999 कारगिल युद्ध में अटल ने राष्ट्र रक्षा कोष में दान मांगा। 2004 सुनामी में डॉ. मनमोहन सिंह ने धैर्य और एकता की अपील की। 2020 कोविड में मोदी ने दीया जलाकर सामूहिक शक्ति का अहसास कराया।

## बुद्ध जयंती पर शांति यात्रा निकालकर दिया विश्व कल्याण का संदेश




हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

बुद्ध जयंती के अवसर पर सरिया में मेधावी छात्र छात्राओं का गुलजार रहा। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने शांति रैली निकालकर भगवान बुद्ध का संदेश शांति, अहिंसा और प्रेम का दिया। कार्यक्रम में अतिथि मौजूद रहे। अतिथियों ने कहा भगवान बुद्ध ने संसार को शांति अहिंसा व प्रेम का संदेश दिया है। उनके बताएं मार्ग पर चलकर विश्व का कल्याण हो सकता है। संसार से घृणा व हिंसा को पूरी तरह से समाप्त किया जा सकता है।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया में रविवार शाम बुद्ध जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बुद्ध के अनुयायियों एवं सरिया, बरमकेला, पुसौर और तथा उड़ीसा से मेधावी छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रज्ञा पारमिता फाउंडेशन एवं कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन बरमकेला के संयुक्त तत्वाधान में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत परिसर से शांति रैली का आयोजन किया गया। शांति रैली गांधी चौक एअटल चौक होते हुए पुनः नगर पंचायत परिसर पर कार्यक्रम के रूप में तब्दील हुआ। बुद्ध अनुयायी धम्म देशना पूज्य भंते मेत्तानंद थेरो ने कहा कि यह पर्व शांति, करुणा और अहिंसा का संदेश देता है। बुद्ध जयंती का धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व है। बौद्ध भिक्षु ने कहा कि मानव जीवन के दुखों को देखकर बुद्ध ने सत्य की खोज की और कठोर तपस्या के बाद बोधगया में ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि संसार को मध्यम मार्ग अपनाने और सत्य के पद पर चलने की शिक्षा दी। भगवान बुद्ध का जीवन त्याग और सेवा का उदाहरण है। उनकी शिक्षा हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। हमें भगवान बुद्ध की शिक्षा को अपने जीवन में उतरना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बद्रीश सुखदेवे, नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य लता लक्ष्मी, नगर पंचायत सरिया वरिष्ठ पार्षद मोतीलाल स्वर्णकार, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप सतपथी, विभिन्न समाज के प्रमुख एवं गणमान्य नागरिक, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन बरमकेला के पदाधिकारी ने अंचल के करीब 250 से ज्यादा मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान बुद्ध अनुयायी डॉक्टर गोविंद चौहान ने अपने संदेश में कहा कि आज सरिया क्षेत्र के होनहार मेधावी छात्र-छात्राओं ने अंचल को गौरवित किया है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** महिला पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई कर दुष्कर्म एवं छेड़खानी के आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 08 मई को पीड़ित युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बिलासपुर की रहने वाली है। साल 2017 में मोबाइल के माध्यम से उसकी पहचान आरोपी अकबर अली से हुई थी। दोनों के बीच लगातार बातचीत होती रही और आरोपी उससे शादी करने की बात करता था। पीड़िता ने बताया कि 22 अगस्त 2022 को आरोपी ने उसे रायगढ़ बुलाया और अपने एक दोस्त के घर ले जाकर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद वर्ष 2023 में आरोपी उसे दिल्ली ले गया, जहां किराए के मकान में करीब दो वर्षों तक साथ रखा और शादी का आश्वासन देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। पीड़िता के अनुसार बीते 27 फरवरी को आरोपी शादी से इंकार कर उसे दिल्ली में छोड़कर वापस रायगढ़ आ गया। बाद में संपर्क करने पर भी आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा और अंततः शादी करने से साफ इंकार कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर महिला थाना में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी अकबर अली पिता असगर अली 27 निवासी बाजीनपाली फटहामुड़ा को गिरफ्तार किया गया। विवेचना के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मामले में एट्रोसिटी एक्ट की धारा 3(2)(वी) भी जोड़ी गई तथा आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। वहीं दूसरे मामले में आरोपी अरविंद कुमार गुप्ता अक्सर अकेला देखकर गलत नियत से अश्लील हरकतें करता था, इशारे करता था तथा विरोध करने पर गाली-गलौच करता था। पीड़िता ने बताया कि 06 मई की रात्रि करीब साढ़े 8 बजे जब वह अपने पति के साथ बाड़ी में थी, तब आरोपी वहां पहुंचा और अशोभनीय टिप्पणी करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौच की और ईंट से उस पर वार कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर महिला थाना में आरोपी के खिलाफ धारा 79, 75(2), 296, 115(2), 351(3) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी अरविंद कुमार गुप्ता पिता हरीशचंद्र गुप्ता 40 निवासी टारपाली तेलीपारा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार हुआ पूर्ववर्ती सरकार में खोले गए सीएम युवा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला



ग्रामीण अंचल में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए लाइब्रेरी केवल किताबों का केंद्र नहीं, बल्कि वह उनके सपनों, संघर्षों और भविष्य को आकार देने का स्थान बन जाती है। बरमकेला क्षेत्र में भी ऐसा ही एक केंद्र वर्षों से युवाओं के सपनों को दिशा देने का कार्य करता रहा है। पूर्व रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा शुरू किया गया सीएम यूथ सेंटर अर्थात मुख्यमंत्री युवा केंद्र कभी क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए सबसे बड़ी सुविधा माना जाता था। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए यह स्थान किसी वरदान से कम नहीं था, लेकिन समय के साथ प्रशासनिक उपेक्षा और अव्यवस्था ने इस लाइब्रेरी की हालत बद से बदतर कर दी है। नए जिले सारंगढ़-बिलाईगढ़ के गठन के बाद जिस प्रकार से इसकी देखरेख कम होती गई, उसी प्रकार यहां की व्यवस्थाएं भी धीरे-धीरे समाप्त होती चली गईं। आज स्थिति यह है कि कभी युवाओं की भीड़ से भरा रहने वाला यह लाइब्रेरी केंद्र अब मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करता नजर आ रहा है।

वर्तमान समय में लाइब्रेरी की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है। यहां नियमित देखरेख के लिए कोई कर्मचारी नियुक्त नहीं है। साफ-सफाई की व्यवस्था लगभग समाप्त हो चुकी है, जिसके कारण परिसर में गंदगी का माहौल देखने को मिलता है। सबसे गंभीर समस्या पेयजल और प्रसाधन की है। लाइब्रेरी में प्रसाधन कक्ष तो मौजूद है, लेकिन वहां पानी की व्यवस्था नहीं है। परिसर में कूलर रखा गया है, परंतु उसमें पानी भरने की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण वह केवल शोपीस बनकर रह गया है। स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को पास के तालाब से पानी लाकर कूलर भरना पड़ता है। भीषण गर्मी में पढ़ाई करने आने वाले विद्यार्थियों को इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग और अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। पुस्तकों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। पहले जहां नई-नई प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाती थीं, वहीं अब लंबे समय से नई पुस्तकें नहीं पहुंची हैं। कई पुस्तकें पुरानी हो चुकी हैं और कुछ का कोई रिकॉर्ड तक नहीं है। धीरे-धीरे यहां आने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी कम होती जा रही है। विशेष रूप से छात्राओं की उपस्थिति लगभग समाप्त हो चुकी है। स्थानीय लोगों के अनुसार पहले यहां बड़ी संख्या में छात्राएं अध्ययन करने आती थीं, लेकिन प्रसाधन और सुरक्षा संबंधी सुविधाओं की कमी के कारण अब उनका आना बंद हो गया है। यह स्थिति केवल एक लाइब्रेरी की दुर्दशा नहीं दर्शाती, बल्कि यह बताती है कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों की शिक्षा और भविष्य को किस प्रकार नजरअंदाज किया जा रहा है। स्थानीय विद्यार्थियों और पुराने अभ्यर्थियों के अनुसार कुछ वर्ष पहले तक इस लाइब्रेरी की व्यवस्था काफी बेहतर थी। यहां विद्यार्थियों के लिए अध्ययन का अच्छा वातावरण उपलब्ध था। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विभिन्न विषयों की पुस्तकें, समाचार पत्र और अध्ययन सामग्री उपलब्ध रहती थी।

## ओपी जिंदल एकेडमी में तैयार हो रही क्रिकेट की नर्सरी

**रायगढ़।** ओपी जिंदल एकेडमी घरघोड़ा में क्रिकेट की नई पौध तैयार की जा रही है। इस एकेडमी में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल हो रहे हैं। यहां के खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय प्लेट कंबाइंड टीम में शामिल हैं व जिले का प्रतिनिधित्व प्रदेश की टीम में कर रहे हैं। राहुल प्रधान के प्रदर्शन के आधार पर रणजी टीम में शामिल होने की संभावना है। इस एकेडमी में न केवल लड़कों को बल्कि लड़कियों को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। क्रिकेट खेलने में रूचि रखने वाले क्षेत्र के बच्चों व युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के लिए जिंदल पावर प्लांट तमनार के जेपीएल फाउंडेशन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिंदल फाउंडेशन द्वारा घरघोड़ा में ओपी जिंदल क्रिकेट एकेडमी का संचालन किया जा रहा है।






हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 25 वर्ष का विश्वास आपका साथ 25वां वर्षगांठ

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 12 मई 2026

| खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार

## सच, सरोकार और विश्वास के 25 वर्ष

पत्रकारिता जब अपने मूल मापदंडों सच्चाई, निष्पक्षता और जनसरोकार के मकसद से आगे बढ़ती है तो वह समाज में विश्वास का प्रतीक बन जाती है। हरिभूमि ने अपने 25 बरस के सफर में यह विश्वास अर्जित किया है। 25 वर्षों की यह गौरवशाली यात्रा इसी विश्वास, समर्पण और जिम्मेदार पत्रकारिता की सशक्त कहानी है।

स्थापना दिवस के इस गौरवपूर्ण अवसर पर हमें इस बात का गर्व है कि अपने प्रारंभिक दौर से ही संस्थान ने सटीक, निष्पक्ष और विश्वसनीय पत्रकारिता के साथ एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उद्देश्य कभी भी केवल समाचारों की भीड़ का हिस्सा बनना नहीं रहा, बल्कि गुणवत्ता, विश्वसनीयता और पाठकों के विश्वास के साथ अग्रणी स्थान प्राप्त करना रहा है। एबीसी की प्रमाणित रिपोर्ट में निरंतर उच्च प्रसार संख्या इस प्रतिबद्धता को प्रमाणित करती रही है। जुलाई 2025 से दिसंबर 2025 के बीच हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की प्रसार संख्या 1,32,374 रही है। वहीं राजधानी रायपुर संस्करण की प्रसार संख्या 2,33,011 है। यह केवल आंकड़ा नहीं, हरिभूमि के भरोसे पर पाठकों की मुहर है। रोहतक से शुरू हुई इस सशक्त यात्रा को पाठकों ने हर पड़ाव पर भरपूर स्नेह और समर्थन दिया। इसके बाद बिलासपुर, रायपुर, जबलपुर होते हुए भोपाल तक संस्थान का विस्तार हुआ और हर शहर में पाठकों ने इसे हाथों-हाथ लिया। यही विश्वास और अपनापन आज इसे देश के प्रमुख हिंदी समाचार पत्रों की श्रेणी में स्थापित करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ा रहा है।

यह सफलता किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि संपादकीय, प्रबंधन और तकनीकी टीम के निरंतर समर्पण, अथक परिश्रम और पाठकों के अटूट विश्वास का प्रतिफल है। संस्थान ने सदैव अपने पाठकों को केवल पाठक नहीं, बल्कि परिवार का हिस्सा माना है। उनकी भावनाओं, अपेक्षाओं और सरोकारों को समझते हुए हर खबर को जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया गया है।

स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए संस्थान ने क्षेत्रीय पहचान को सशक्त बनाया और उसे व्यापक स्तर तक पहुंचाया है। यह सिर्फ एक समाचार पत्र नहीं, बल्कि समाज का दर्पण बनकर हर वर्ग की आवाज़ को मंच देने का कार्य कर रहा है। सिर्फ समाचार प्रकाशन तक सीमित न रहकर, संस्थान ने सामाजिक दायित्वों का भी सक्रिय निर्वहन किया है। विभिन्न जिलों में पौधरोपण अभियान,स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, जरूरतमंदों की सहायता, तथा समाजहित के अनेक काम इसकी पहचान बन चुके हैं। साथ ही युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित करने, उनकी प्रतिभा को मंच देने और नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए भी समय-समय पर प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जाता रहा है। बदलते दौर के साथ कदमताल करते हुए संस्थान ने डिजिटल माध्यमों को भी मजबूती से अपनाया है, जिससे नई पीढ़ी तक तेज़ और प्रभावी पहुंच सुनिश्चित हो सकी है। आने वाले समय में हमारा संकल्प है कि हम केवल अपनी उपलब्धियों को बनाए न रखें, बल्कि पत्रकारिता के नए मानदंड स्थापित करते हुए पाठकों के विश्वास को और सुदृढ़ करें। निरंतर नवाचार, निष्पक्षता और जनसेवा की भावना के साथ हम प्रगति की नई ऊँचाइयों को छूते रहेंगे। इसके लिए हमारी ताकत बनने




## महानगर की तर्ज पर हो रहा विकास

ऐतिहासिक सांस्कृतिक गतिविधियों के कारण रायगढ़ को छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में जाना जाता है। रायगढ़ एक रियासत थी जिस पर अंग्रेजों का सीधा शासन नहीं था, बल्कि एक स्थानीय शासक का शासन था। स्वतंत्रता के बाद, रायगढ़ भारत संघ में शामिल होने वाला पहला राज्य बना और मध्य प्रदेश राज्य में एक अलग जिला बन गया। मदन सिंह को रायगढ़ राज्य की स्थापना के लिए जाना जाता है। रायगढ़ राज्य संबलपुर राज्य का हिस्सा था और मदन सिंह संबलपुर राज्य के राजा के सामंत थे, लेकिन उन्होंने संबलपुर राज्य से अलग रायगढ़ राज्य की स्थापना की। उन्होंने रायगढ़ राज्य को अपने राज्य के रूप में कैसे प्राप्त किया, इसके तथ्य अभी भी अज्ञात हैं। मदन सिंह मूल रूप से महाराष्ट्र के चंदा जिले के बैरागढ़ नामक एक छोटे से गाँव के निवासी थे। उनके बाद तख्त सिंह, बेथ सिंह, दिलीप सिंह, जुझार सिंह, देवनाथ सिंह, घनश्याम सिंह, भूपदेव सिंह और चक्रधर सिंह एक-एक करके राजा बने। चक्रधर सिंह महाराज स्वतंत्र रायगढ़ राज्य के अंतिम राजा थे।



### विकास के प्रमुख स्तंभ

#### औद्योगिक और अवसंरचनात्मक प्रगति

रायगढ़ स्पंज आयरन और पावर प्लांट के माध्यम से एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में उभरा है।

#### कनेक्टिविटी का जाल

पिछले दो वर्षों में, वनांचल क्षेत्रों सहित पूरे जिले में सड़कों का निर्माण तेज हुआ है, जिससे ग्रामीण इलाकों को कनेक्टिविटी मिल रही है।

#### शहरी कायाकल्प

शहर में 6.59 करोड़ रुपये के 96 विकास कार्यों का शिलान्यास और ऑक्सी-जोन , हाईटेक लाइब्रेरी, तथा केलो रिवर फ्रंट परियोजनाओं के साथ-साथ शहर के सौंदर्यीकरण पर जोर दिया जा रहा है।

#### शिक्षा और आवास

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में अग्रणी भूमिका के साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बड़े कार्य हो रहे हैं।रायगढ़ अपनी 'संस्कारधानी' की पहचान को बनाए रखते हुए कत्थक और सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ एक 'विकास मॉडल' के रूप में स्थापित हो रहा है।



11- MAY-RAIGARH-pg-02-EXTRA_Layout 1 5/11/2026 2:54 PM Page 1



## हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 26वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं...
























# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 26वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 26वीं स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं
एक शुभचिंतक

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 26वीं स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं

ताराचंद पटेल
जनपद सदस्य बरमकेला

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 26वीं स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं

हृदयराम राठिया
पूर्व विधायक, लैलूंगा विधानसभा

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 26वीं स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं

विजय अग्रवाल
किरोड़ीमल नगर रायगढ़

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 26वीं स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं
डा. मनोज चौधरी
सरिया, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़

माँ अम्बे नर्सिंग होम
डॉ. माधुरी पटेल बी.डी.एस. (दन्त रोग विशेषज्ञ)
डॉ. भानुप्रताप पटेल एम.बी.बी.एस. (जनरल फिजीशियन)

डॉ. श्वेता पटेल बी.डी.एस. (दन्त रोग विशेषज्ञ)
डॉ. विभा अग्रवाल बी.ए.एम.एस
उपलब्ध सुविधाएं
- सड़े दांतों का आरटीसी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़ मेढ़े दांतों का ठीक करना
- दांतों की सफाई
- सेरेमिक एवं मेटल के फिक्स दांत
- बत्तीसी (डेन्चर) एवं दांतों का एक्स-रे व कॉस्मेटिक फिलिंग किया जाता है।

उपलब्ध सुविधाएं
24 घंटे आपातकालीन सुविधा
भर्ती सुविधा
प्रसव सुविधा
फोटोथेरेपी सुविधा
वार्मर सुविधा
एक्स-रे सुविधा
ई.सी.जी. सुविधा
नेबुलाईजेशन सुविधा
कृत्रिम ऑक्सीजन सुविधा
खून, पेशाब जाँच (पैथोलॉजी) सुविधा
रात्रि कालीन एवं एम्बुलेंस सेवा हेतु संपर्क करें: 7389726126


GANGA SMART HOSPITAL
गंगा स्मार्ट हॉस्पिटल
Registration No. TRAIG0928 Licence No. RAIGO261/HOSP
Dr. B.P. Patel
M.B.B.S.. D.M.R.E.
X-Ray Specialist &
Ultra Sonologist
Dr. Priyanka Patel
B.D.S.
Dental Surgeon
Mobile- 8871588160
-: उपलब्ध सुविधाए :-
- अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर
- लिथेट्रिप्सी स्टोर क्लीनिक
- दूरबीन (लेप्रोस्कोपी) द्वारा ऑपरेशन
- बवासीर इन्फ्रारेड को आगुलेटर
- जनरल सर्जरी गायनीकोलाजीकल सर्जरी
- जनरल सर्जरी गायनीकोलीकल सर्जरी
- गर्भावस्था की जांच व परामर्श
- सुरक्षित प्रसव की सुविधा
- सामान्य व सिजेरियन डिलवरी
- आर्थोपेडिक सर्जरी एवं प्लास्टर
- स्पाईरल सीटी स्कैन
- डिजिटल एक्स-रे
- ओ.पी.जी.
- सोनोग्राफी 3 डी (कलर डाप्लर)
- कम्प्यूटराइज्ड पैथोलॉजी
- ई.सी.जी., ई.ई.जी.
- एक्बुलेंस सुविधा
मेडिकल कॉलेज रोड, माझापारा, बड़े अतरमुडा
रायगढ़ (छ.ग.), मो.नं.- 9300276199

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 26वीं स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं
संजय अग्रवाल
एन.आर.इस्पात
सराईपाली रायगढ़

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 26वीं स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं

अनूप बंसल
अनूप रोड केरियर
जिंदल रोड पतरापाली रायगढ़


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...
माईनिंग विभाग सारंगढ़-बिलाईगढ़


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...
गोपाल शर्मा
पूर्व सदस्य
जीवनदीप समिति सिविल अस्पताल खरसिया
कांग्रेस नेता


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण
की 25वीं वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...
उमेश पटेल
पूर्व कैबिनेट मंत्री छ.ग. शासन
विधायक खरसिया
राकेश पांडेय
प्रदेश यूथ कांग्रेस महासचिव


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...
सलीम नियारिया
नेता प्रतिपक्ष - नगर निगम रायगढ़


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...
आरिफ हुसैन
पार्षद, वार्ड क्रमांक 7, नगर निगम रायगढ़


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...
शिव शर्मा
अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, घरघोड़ा


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...
गायत्री राइस मिल सरिया


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...
उस्मान बेग
जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस, रायगढ़ ग्रामीण छ.ग.


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के
25 वें वर्षगांठ पर
हार्दिक शुभकामनाएं
लालजीत सिंह राठिया
पूर्व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त
विधायक, धरमजयगढ़


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...
उत्तरी गनपत जांगड़े
विधायक, सारंगढ़
गनपत जांगड़े
कांग्रेस नेता